तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 4 मई 2026

10 किवईबालेंगा से सुशासन तिहार में पीएम आवास ...


10 कोंडागांव में समर कैंप की शुरुआत में बच्चों में ...




## खबर संक्षेप

### चिउरगांव में जनगणना कार्य का कमिश्नर ने लिया जायजा



जगदलपुर। कमिश्नर डोमन सिंह ने शनिवार को बस्तर जिले के तहसील करपावंड के अंतर्गत ग्राम चिउरगांव में जनगणना प्रगणकों के द्वारा घर-घर जाकर की जा रही पूछताछ और जानकारी दर्ज करने की पद्धति का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान संबंधित परिवार के सदस्यों से चर्चा की और जनगणना के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें परिवार की पूरी एवं सही जानकारी देने की समझाइश दी। कमिश्नर ने जनगणना कार्य की गंभीरता को देखते हुए प्रगणकों और सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि पूरी प्रक्रिया के दौरान डेटा प्रविष्टि में किसी भी प्रकार की तकनीकी या मानवीय त्रुटि नहीं होनी चाहिए। इस दौरान एसडीएम मनीष वर्मा, तहसीलदार रूपेश मरकाम सहित जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में 2300 से अधिक परीक्षार्थी हुए शामिल



जगदलपुर। राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन शनिवार को हुआ। जिले भर में इस परीक्षा के लिए कुल 9 केंद्र बनाए गए थे। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल से मिली जानकारी अनुसार इस छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए 2550 विद्यार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई जिसमें प्रथम पाली में 2317 विद्यार्थी उपस्थित रहे। जबकि 233 छात्र अनुपस्थित पाए गए। वहीं द्वितीय पाली में उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 2310 रही और 240 छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हुए।

### समारोह : विधायक ने दूल्हा-दुल्हनों को तेल-हल्दी चढ़ाकर निभाई भागीदारी

# शिवानंद आश्रम में 35 जोड़ों ने की वैवाहिक जीवन की नई शुरूआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दिव्य जीवन संघ शाखा शिवानंद आश्रम घाटपदमुर में रविवार को एक भव्य एवं प्रेरणादायक सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 35 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन की नई शुरूआत की। यह आयोजन सामाजिक समरसता, सहयोग और मानवता की उत्कृष्ट मिसाल बनकर सामने आया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल, पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का आयोजन सादगी और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। विवाह की सभी रस्में विधिवत ढंग से



संपन्न कराई गईं, जिनमें तेल-हल्दी की रस्म प्रमुख आकर्षण रही। विधायक ने दूल्हा-दुल्हनों को तेल-हल्दी चढ़ाकर इस पावन अवसर में भागीदारी निभाई। समारोह में हवन स्वामी शिवदासानंद सरस्वती ने किया, जिसमें नवविवाहित जोड़े शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने नवविवाहित जोड़ों से बातचीत कर उन्हें वैवाहिक जीवन के महत्वपूर्ण आपसी सम्मान, समझ और सहयोग का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी, गणमान्य अतिथि एवं परिवारजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सामूहिक विवाह समारोह का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना और समाज में दहेज जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ सकारात्मक संदेश देना रहा। इस पहल ने न केवल कई परिवारों के आर्थिक बोझ को कम किया, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे को भी मजबूत किया। समारोह के अंत में सभी नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक गृहस्थी सामग्री एवं उपहार भेंट किए गए, जिससे वे अपने नए जीवन की शुरूआत सुगमता से कर सकें। वातावरण में उल्लास, खुशी और भावनात्मक जुड़ाव का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह सामूहिक विवाह समारोह न केवल 35 जोड़ों के जीवन में नई खुशियां लेकर आया, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरा है।

#### सामूहिक विवाह सराहनीय पहल

विधायक ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में समानता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का ही नहीं, बल्कि दो परिवारों और समाज के बीच संबंधों का पवित्र बंधन होता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक सहयोग मिलना एक सराहनीय पहल है, जिसे निरंतर जारी रखा जाना चाहिए।

# आंधी- बारिश से घंटों बंद रही बिजली लोग रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बेमौसम तेज हवाओं और बारिश ने बिजली व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है, जिससे उपभोक्ता घंटों तक अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। गर्मी के मौसम में अचानक आई आंधी और बारिश ने बिजली व्यवस्था को प्रभावित किया। घंटों तक बिजली सप्लाई ठप रहने से उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली लाइनों में फाल्ट हुई और साथ ही ट्रिपिंग और फाल्ट की समस्या बनने लगी है। शनिवार की रात को अचानक बदले मौसम के मिजाज और तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। तेज-बारिश ने बिजली व्यवस्था को पूरी तरह पटरी से उतार दिया। शहर के शांति नगर वार्ड में एक पोल टूट गया, जिससे रविवार को नया पोल लगाया गया। वहीं विद्युत कर्मचारियों की टीम बारिश बंद होने के बाद बिजली को बहाल किया। शहर से लेकर देहात क्षेत्रों तक घंटों बिजली आपूर्ति ठप रहने से उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान बिजली लाइनों में फाल्ट की झड़ी लग गई। आंधी के चलते कहीं पेड़ों की टहनियां लाइनों पर गिर गईं, तो कहीं जंफर उड़ने के साथ ही ब्रेकडाउन की स्थिति पैदा हो गई थी।

#### टीम ने बिजली को किया बहाल

विद्युत कंपनी जगदलपुर (शहरीय) संभाग के कार्यपालन अभियंता सुदीप खेस ने बताया कि तेज हवाओं एवं बारिश से बिजली प्रभावित हुई। उपभोक्ताओं की सूचना विद्युत कर्मियों की टीम पहुंचाकर बिजली बहाल किया गया।

# गुणवत्ता के साथ काम कराया जाए : पांडेय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्रपति शिवाजी एवं गुरु गोविंद सिंह वार्ड की सीमा पर बनने वाले पंडरीतरई तालाब एवं लोकमान्य तिलक, छत्रपति शिवाजी एवं गुरु गोविन्द सिंह वार्ड में एमपीएम हॉस्पिटल रोड, एलआईसी रोड एवं सरस्वती शिशु मंदिर रोड कंगोली में बनने वाली ड्रेन टू ड्रेन सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण महापौर संजय पांडे ने किया। उन्होंने पंडरीतरीय तालाब मे वाटर कैचमेंट एरिया को बढ़ाने एवं तालाब गहरीकरण पर जोर दिया। वार्डवासियों की मांग पर एक बोर खनन करने को भी कहा। ड्रेन टू ट्रेन बनने वाले रोड की गुणवत्ता को ध्यान देते हुए निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए। महापौर ने कहा पंडरीतराई तालाब ऐतिहासिक तालाब है। वार्ड वासियों के अनुरूप तालाब का निर्माण किया जा रहा है। ड्रेन टू ड्रेन रोड बनने से लोगों को आवागमन में असुविधा नहीं होगी। वार्डवासियों की मांग पर अतिरिक्त खुदाई कराने पर सहमति दी ताकि वर्षा जल का बेहतर संचयन हो।

**ये रहे उपस्थित:** इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, सभापति निर्मल पाणिग्रही, पार्षद संग्राम सिंह राणा , श्याम सुंदर बघेल, संतोष गौर,अतुल कौशल, नीलिमा यादव, ईई गोपाल भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कालेज में एनसीसी की एयरविंग होगी प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का भ्रमण कर संस्थान की शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधियों का जायजा लिया। प्रवास के दौरान उनके साथ अधिष्ठाता डॉ आरएस नेताम एवं सह संचालक अनुसंधान डॉ एके ठाकुर उपस्थित रहे। कुलपति ने इंद्रावती कन्या छात्रावास में निमार्णाधीन अतिरिक्त कक्षों का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को बेहतर बनाने सुझाव और निर्देश दिए।

छात्राओं के साथ चर्चा करते हुए कुलपति ने उन्हें अनुशासन और राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को एनसीसी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए यह विश्वास दिलाया कि अगले सत्र तक महाविद्यालय ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### वस्तुनिष्ठ बीज तकनीक का विमोचन

कुलपति एवं अतिथियों ने डॉ रोशन परिहार की लिखित पुस्तक वस्तुनिष्ठ बीज तकनीक का विमोचन किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संतोष नाग, कुलपति के निज सहायक डॉ. रवि श्रेय सहित महाविद्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गर्मियों में शरीर में पानी की पूर्ति व करता है पाचन को बेहतर

# बिहार व कोलकाता की लीची पहुंची, 320 किलो बिक रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- इलाहाबाद व रायपुर से पहुंचे 8 युवक ने लगाई रेड़ी

गर्मियों के मौसम में लीची सेहत के साथ स्वाद से भी भरपूर होते हैं। बच्चे हों या बड़े हर कोई इस फल को बड़े चाव से खाना पसंद करते हैं। ये शरीर में पानी की पूर्ति करता है, साथ ही ये गर्मियों में होने वाली कई बीमारियों से बचाने में मददगार होते है। जिसमें से लीची पोषक तत्वों का खजाना है, इसमें प्रोटीन, विटामिन-ए, विटामिन-सी, पोटैशियम, कैल्शियम और कई तत्व मौजूद होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद है, लीची में पानी और फाइबर अधिक होता है। इसके सेवन से पेट ज्यादा



देर तक भरा रहता है। जिसकी वजह से वजन कम करने के लिए भी आप लीची का सेवन कर सकते हैं। गर्मियों में शरीर में पानी की पूर्ति के लिए डाइट में लीची शामिल हैं, इसमें पानी पर्याप्त मात्रा में मौजूद होता है। शरीर को हाइड्रेटेड रखने में काफी मददगार है। लीची में फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो पाचन को बेहतर बनाने में काफी मदद करता हैं। गर्मियों में लीची के सेवन से पाचन जैसी समस्या उल्टी जैसी कई समस्या से बच जाता हैं। शहर के संजय बाजार की सड़क किनारे लीची बेच रहे इलाहाबाद निवासी राम ने बताया कि शहर में इलाहाबाद एवं रायपुर से पहुंचे 8 युवक लीची बेच रहे हैं, जो 320 रूपए किलो में बिक रहा है। उन्होंने बताया कि बिहार एवं कलकत्ता से ट्रेन से रायपुर तक लीची पहुंचती है, उसके बाद बस से जगदलपुर लाते हैं।



#### टमाटर हुआ महंगा

बाजार में इस रविवार को टमाटर 25, तरबूज 60, परवल 40, करेला 40, पत्तागोभी 20, फूलगोभी 40, बरबट्टी 40, भट्टा 50, कुंदरू 40, आलू 20, प्याज 25, गंवरफल्ली 30, सेम 60 रुपए प्रतिकिलो की दर में बिक रहा है। साथ ही लालभाजी, पालकभाजी 20 रुपए में 15 जूड़ी बिकी रही है।



## खबर संक्षेप

### कॉमर्स छात्रों का शानदार प्रदर्शन, 85% से अधिक अंक पाने वाले हुए सम्मानित



**फरसगांव।** शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसगांव में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होते ही खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कक्षा 12वीं के वाणिज्य (कॉमर्स) संकाय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 12वीं में रोहन सिंह ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और जिले के टॉप-10 में भी अपनी जगह बनाई। वहीं योगेश गावड़े ने 86.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि आकाश सिंह नेताम 84.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा कक्षा 10वीं के छात्रों ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक अर्जित किए हैं। विद्यालय की प्राचार्य आर. डी. जैकब एवं समस्त स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशेष रूप से 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिलाधीश श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा जिला कार्यालय में सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों का मनोबल और उत्साह बढ़ा है।

### तेंदूपत्ता फड़ों का निरीक्षण कर सचिव ने दिए निर्देश



**फरसगांव।** छत्तीसगढ़ शासन की अपर मुख्य सचिव एवं वन विभाग की सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा ने शनिवार को केशकाल वन मंडल के विभिन्न तेंदूपत्ता फड़ों और समितियों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने चिंगनार, बड़ेडोंगर, फरसगांव और बहीगांव समितियों के फड़ों का दौरा कर तेंदूपत्ता की गुणवत्ता, संग्रहण और गड्डियों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों से चर्चा कर कार्यों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया गया। जिला वनोपज सहकारी संघ केशकाल में निर्धारित 28,500 मानक बोरा के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 8,657.545 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी हो चुकी है। भुगतान प्रक्रिया सॉफ्टवेयर के माध्यम से जारी है। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने गोब्राहीन स्थित प्राचीन शिवलिंग के दर्शन कर क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण पर भी बल दिया।

### जिला बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के तहत 28 गांवों में लगाए शिविर



**कोण्डागांव।** राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में "बस्तर मुन्ने" कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम स्तरीय शिविरों का आयोजन शुरू किया गया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिले के 28 गांवों में शिविर लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शिविरों में विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों से मौके पर आवेदन लेकर लाभ दिलाने की प्रक्रिया शुरू की गई। जनपद पंचायत कोंडागांव अंतर्गत भीरागांव ब, कुम्हारपारा, सिरसिबेड़ा, मसौरा, गिरोला, सातगांव, पल्ली, सितली, चिलपुटी, पलारी, डोंगरीगुड़ा, बफना, बड़े भिरावंड, छोटे भिरावंड, छोटेबंजोड़ा, नेवता, मुलमुला, धनपुर, लेमडी, खड़का और भोगाड़ी में शिविर आयोजित हुए। जनपद पंचायत बड़ेराजपुर अंतर्गत कोगेंरा, सोनपुर, कोरहोबेड़ा, बैजनपुरी, आमागुहान, कोरगांव और रामपुर में भी शिविर लगाए गए।

पेज 9 का शेष

### कालेज में एनसीसी...

में एनसीसी की एयरविंग प्रारंभ कर दी जाएगी। छात्राओं द्वारा रखी गई विभिन्न मांगों और समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उन्होंने अधिष्ठाता को तत्काल आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।संस्थान के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित वैज्ञानिकों और अधिकारियों की बैठक में डॉ. चंदेल ने बस्तर की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों पर चर्चा की। उन्होंने वैज्ञानिकों को निर्देशित किया कि वे बस्तर क्षेत्र के लिए उपयुक्त फसलों और उनके प्रसंस्करण पर विशेष अनुसंधान करें ताकि स्थानीय किसानों को सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें प्रायोगिक कार्यों और आधुनिक प्रसंस्करण तकनीकों में दक्ष बनाया जाए।

# किवईबालेंगा से सुशासन तिहार में पीएम आवास योजना के 25 हितग्राहियों को मिली चाबी

## 28 ग्रामों में लगाए शिविरों में योजानाओं का मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सुशासन तिहार 2026 का शुभारंभ ग्राम किवईबालेंगा में आयोजित मुख्य शिविर से किया गया। प्रथम दिन जिले के 28 ग्रामों में शिविर आयोजित किए गए। शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत कुल 62 हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। राजस्व विभाग ने 7 डिजिटल किसान किताब, स्वास्थ्य विभाग ने 3 आयुष्मान कार्ड और 4 जन्म प्रमाण पत्र वितरित किए। श्रम विभाग ने 5 श्रम कार्ड दिए, जबकि शिक्षा विभाग ने 17 जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किए।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई, अन्नप्राशन संस्कार तथा 2 पोषण किट का वितरण किया गया। सुशासन तिहार 2026 का उद्देश्य आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण, योजनाओं की समीक्षा और विकास कार्यों में तेजी लाना है। यह अभियान प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

**कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

मुख्य शिविर में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर, दीपेश अरोरा एवं जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।



**पक्के घर का सपना पूरा**

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 25 हितग्राहियों को पूर्ण हो चुके आवासों की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। लाभार्थियों ने शासन–प्रशासन के प्रति आभार जताया।

## प्रशिक्षण : 1 मई 2026 से स्थानीय बंधा तालाब स्थित गार्डन में समर कैंप

# कोंडागांव में समर कैंप की शुरुआत बच्चों में दिखा उत्साह और उमंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला प्रशासन की पहल पर शिक्षा विभाग द्वारा 1 मई 2026 से स्थानीय बंधा तालाब स्थित गार्डन में समर कैंप की शुरुआत हो चुकी है। कैंप के पहले ही दिन बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते नजर आए।

**कला, संगीत और कौशल से निखर रही प्रतिभाएं** – समर कैंप में बच्चों के लिए ड्राइंग–पेंटिंग, टेराकोटा कला, संगीत, वादन, गायन, क्लासिकल डांस, जुम्बा डांस, कबाड़ से जुगाड़ और वैदिक गणित जैसी विविध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता और कौशल का विकास किया जा रहा है।

**विशेषज्ञ कलाकार दे रहे प्रशिक्षण** – कैंप में जिले के अनुभवी कलाकारों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिनमें खेम वैष्णव, बुसचंद चक्रधारी, कमल चौहान, श्रीमती काजल अंसारी, बृजेश पवार, तौसीफ आलम, हुमा खान, माहिन खान, अंकित गुप्ता एवं नारायण सिंह साहू शामिल हैं। इनके मार्गदर्शन में बच्चे नई–नई विधाओं को सीख रहे हैं।

**निःशुल्क पंजीयन, लगातार बढ़ रही सहभागिता** – समर कैंप में भाग लेने के लिए निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है। बंधा तालाब गार्डन सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पंजीयन जारी है, जिससे हर दिन बच्चों की संख्या बढ़ती जा रही है।

**जिला प्रशासन की पहल को मिल रही सराहना** – यह कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, जिला मिशन समन्वयक ईमल सिंह बघेल, एडीपीओ श्रीमती शीला शार्दुल एवं एपीसी श्रीनिवास नायडू के नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। समर कैंप बच्चों के लिए गर्मी की छुट्टियों में सीखने और अपनी प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच बनकर उभर रहा है, जिससे उनका सवांर्गीण विकास सुनिश्चित हो रहा है।



**ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का शुभारंभ, 21 दिन होंगे योग सत्र**

**कोण्डागांव।** जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को योग सत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर दीपेश अरोरा, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा जिला शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 01 मई से 21 मई 2026 तक 21 दिवसीय शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में खेल प्रशिक्षण के साथ–साथ हस्तशिल्प, पेंटिंग, लकड़ी की वस्तु निर्माण, पॉटरी, योग, वैदिक गणित, नृत्य–संगीत, वादन, बोनसाई, बुके मेकिंग और पेपर आर्ट का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रतिभागियों को फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, जूडो, कराते, आर्चरी, स्वीमिंग, कैरम और शतरंज का प्रशिक्षण विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। खेल प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 5:30 से 7:30 बजे तक और शाम 4:00 से 6:00 बजे तक होगा। स्वीमिंग प्रशिक्षण सुबह 8:00 से 9:00 बजे तक आयोजित होगा। आर्चरी, फुटबॉल, जूडो, स्वीमिंग, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम और कराते के लिए अलग–अलग स्थलों का निर्धारण किया गया है। शिविर में 19 वर्ष या उससे कम आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकेंगे। योग प्रशिक्षण भी शुरू – जिला आयुर्वेद विभाग द्वारा प्रतिदिन बंधा तालाब मैदान में सुबह 5'30 से 6:30 बजे तक योग प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए पंजीयन अनिवार्य है।

# फरसगांव सीएचसी एनक्यूएएस सर्टिफाइड गुणवत्ता में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

दूरस्थ अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं की मिसाल पेश करते हुए फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ने बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। कोंडागांव जिले का यह पहला सीएचसी बन गया है, जिसने राष्ट्रीय स्तर के नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स (एनक्यूएएस) असेसमेंट में सफलता हासिल कर सर्टिफिकेशन प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। राष्ट्रीय असेसरों की टीम ने दो दिनों तक अस्पताल की व्यवस्थाओं, सेवाओं और कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। मरीजों को दी जा रही सुविधाओं, स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता और प्रबंधन प्रणाली को परखा गया, जिसमें सीएचसी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी मानकों पर खुद को साबित किया।



इस सफलता के पीछे सीएचसी के डॉक्टरों, विशेषज्ञों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम वर्क और समर्पण की बड़ी भूमिका रही। फील्ड स्तर के स्टाफ ने भी अपनी जिम्मेदारियों के साथ-साथ असेसमेंट की तैयारियों में अहम योगदान दिया, जिससे यह मुकाम हासिल हो सका। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में सीएमएचओ डॉ. आर. के. चतुर्वेदी और जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भावना महलवार के प्रभावी नेतृत्व ने इस उपलब्धि को संभव बनाया। वहीं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेन्द्र सिंह की टीम ने तकनीकी सहयोग देकर गुणवत्ता सुधार में अहम भूमिका निभाई। संभागीय गुणवत्ता सलाहकार डॉ. मनीष नायक सहित जिला और ब्लॉक स्तर की टीम ने भी निरंतर सहयोग दिया। बीएमओ डॉ. ज्योतिर्मय, एपिडेमियोलॉजिस्ट झम्मन लाल वर्मा, डॉ. जे. विनय जोएल, इमरान खान, बीपीएम चेतन चौहान, स्टाफ नर्स हर्षा ठाकुर और पब्लिक हेल्थ नर्स नीतू करमकार की सक्रिय भागीदारी इस सफलता की अहम कड़ी रही। यह उपलब्धि दर्शाती है कि सुदृढ़ नेतृत्व, तकनीकी सहयोग और टीम भावना से दूरस्थ क्षेत्रों में भी राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता हासिल की जा सकती है। फरसगांव सीएचसी अब न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल बनकर उभरा है।

# जनगणना के शुभारंभ में कलेक्टर ने मकान गणना का लिया जायजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में प्रथम चरण का कार्य शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है। इस चरण में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य किया जा रहा है, जो 01 मई से 30 मई 2026 तक चलेगा। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कोंडागांव नगरपालिका क्षेत्र के महात्मा गांधी वार्ड पहुंचकर मकान गणना कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रगणकों से चर्चा कर कार्य की प्रगति जानी और गणना प्रक्रिया की जानकारी ली।

**मोबाइल एप से हो रही जानकारी दर्ज**

उन्होंने एचएलओ मोबाइल एप के माध्यम से दर्ज की जा रही सूचनाओं का अवलोकन किया और सटीक एवं तथ्यात्मक जानकारी संकलित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए इसे पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए।

**हर परिवार तक पहुंचने के निर्देश**

उन्होंने प्रगणकों से कहा कि प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर सही जानकारी दर्ज करें, ताकि भविष्य की योजनाओं के निर्माण में इन आंकड़ों का प्रभावी उपयोग हो सके। जिले में प्रथम चरण के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए 1016 प्रगणक और 174 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी देवेश चंदेल, वेणुगोपाल राव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने नीट, पीईटी व जेईई की निशुल्क कोचिंग का किया शुभारंभ

**कोण्डागांव।** जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने लक्ष्य कोचिंग संस्थान, कोंडागांव में नीट, पीईटी और जेईई परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ किया।



**एनएमडीसी के सीएसआर मद से शुरू हुई योजना** – यह कोचिंग सुविधा एनएमडीसी के सीएसआर मद के अंतर्गत प्रारंभ की गई है, जिससे जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन मिल सके।

**कलेक्टर ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित** – कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। पूर्व में भी कई छात्र–छात्राएं ऐसी पहल से लाभ लेकर सफलता प्राप्त कर चुके हैं।

**अनुशासन और मेहनत पर दिया जोर** – उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने, अनुशासन बनाए रखने तथा एकाग्रता और मेहनत से पढ़ाई करने की सलाह दी।

**100 विद्यार्थियों का हुआ चयन** – इस कोचिंग के लिए जिले के 100 प्रतिभागियों का चयन प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से किया गया है। यह परीक्षा 8 अप्रैल को आयोजित हुई थी।

**6 माह तक मिलेगा विशेषज्ञ मार्गदर्शन** – चयनित विद्यार्थियों को आगामी 6 माह तक विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

**पालक भी रहे मौजूद** – इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, शिक्षकगण, अभ्यर्थी एवं उनके पालक उपस्थित रहे।

# मसोरा पंचायत में मजदूर दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मसोरा में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल** – राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दिशा–निर्देशानुसार यह शिविर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री खिलावन राम रिंगरी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

**अधिकारों के प्रति किया जागरूक** – शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिकों, किसानों, महिलाओं और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को उनके विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था।

**समान वेतन और सुरक्षा कानूनों की जानकारी** – प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने बताया कि प्रत्येक श्रमिक को समान कार्य के लिए समान वेतन पाने का अधिकार है। साथ ही शोषण के खिलाफ कानूनी सहायता लेने की जानकारी दी गई।




**श्रम कानूनों पर विस्तृत चर्चा** – शिविर में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, कार्यस्थल सुरक्षा, बोनस, मातृत्व लाभ, पेंशन योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई।

**ई–श्रम और आयुष्मान योजना पर जोर** – श्रमिकों को ई–श्रम पोर्टल में पंजीयन के लाभ तथा आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया।

**महिला श्रमिकों के लिए विशेष सत्र** – महिला श्रमिकों के लिए आयोजित विशेष सत्र में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण, मातृत्व अवकाश और महिला सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी गई।

**ग्रामीणों की रही सहभागिता** – कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त होने के बाद पहली बार बड़ेडोंगर पहुंचे सैनिक उमेश

# सेना से लौटे वीर सपूत मांझी का भव्य स्वागत, गांव में उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

■ जन्मदिन भी मनाया गया हर्षोल्लास से

ब्लाक के ग्राम बड़ेडोंगर में उस समय उत्सव जैसा माहौल बन गया, जब भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर पहली बार शनिवार को अपने गृहग्राम लौटे उमेश कुमार मांझी का ग्रामीणों द्वारा भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। उनके आगमन से पूरे गांव में गर्व, उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई।

ग्राम के स्वागत द्वार बेलभाटा से लेकर अंधियारीकोट तक जगह-जगह ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अभिनंदन किया। मार्ग में कई स्थानों पर तिलक, पीला चावल, पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा, बुजुर्ग और बच्चे उपस्थित रहे और सभी ने अपने गांव के वीर सपूत का जोरदार स्वागत किया। पूरे मार्ग में डीजे की धुन पर ग्रामीण नाचते-गाते नजर आए और जयघोषों के बीच स्वागत यात्रा निकाली गई, जिससे पूरा गांव देशभक्ति और उल्लास के रंग में रंगा दिखा।



विशेष बात यह रही कि उमेश कुमार मांझी का जन्मदिन भी इसी दिन था। इस अवसर पर गांव के बीच आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने केक काटकर जन्मदिन मनाया। उपस्थित ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की।

**सामाजिक एकता, देशभक्ति और ग्राम गौरव की दिखी झलक**

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मांझी के भारतीय सेना में दिए गए योगदान को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे गांव, क्षेत्र और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। ग्रामीणों ने इसे गांव के इतिहास का यादगार पल बताते हुए कहा कि इस आयोजन में सामाजिक एकता, देशभक्ति और ग्राम गौरव की अद्भुत झलक देखने को मिली।

# अगरबत्ती निर्माण का निशुल्क 12 दिवसीय प्रशिक्षण कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के युवाओं और स्व–रोजगार की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर सामने आया है। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, कोण्डागांव द्वारा 05 मई 2026 से 12 दिवसीय निःशुल्क घरेलू अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए आवास, भोजन और प्रशिक्षण सामग्री पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, प्रशिक्षणार्थियों को एक बार आने–जाने का किराया भत्ता भी दिया जाएगा।



आरसेटीआई द्वारा केवल अगरबत्ती निर्माण ही नहीं, बल्कि मोबाइल रिपेयरिंग और चार पहिया वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिससे युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिल सकें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा।

## खबर संक्षेप

### मजदूरी की बेड़ियों को तोड़ मल्टी फार्मिंग के नायक बने ललित



**दंतेवाड़ा।** जिले के गीदम विकासखंड अंतर्गत ग्राम गुमड़ा में आज एक नई क्रांति की सुखद आहट सुनाई दे रही है। यह कहानी किसी बड़े उद्योगपति की नहीं, बल्कि 36 वर्षीय एक ऐसे जुझारू व्यक्तित्व की है जिसने मजदूरी के कठिन दौर से निकलकर अपनी तकदीर खुद लिखी है।

ललित यादव, जो कभी अपनी आजीविका के लिए दूसरों के खेतों और निर्माण कार्यों पर निर्भर थे, आज अपने गांव में बहुआयामी खेती और डेयरी व्यवसाय के जरिए समृद्धि की एक नई मिसाल पेश कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा वर्ष 2013 में मात्र 6 गायों के साथ शुरू हुई थी, जो आज उनके अटूट साहस और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के कारण 25 गायों के एक विशाल कुनबे में तब्दील हो चुकी है। ललित की सफलता का सबसे बड़ा राज पारंपरिक खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ना रहा है। ललित की दूरदर्शिता केवल डेयरी तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि उन्होंने आय के स्त्रोतों को विविधता प्रदान करने के लिए मल्टी-फार्मिंग का मॉडल तैयार किया।

### ईश्वरम्मा सप्ताह पर आनंद मेला



**जगदलपुर।** शहर के सत्य साई सेवा समिति के तत्वावधान में ईश्वरम्मा दिवस सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर दीप प्रज्वलन, ओमकाराम एवं गणेश प्रार्थना के साथ आनंद मेला प्रारंभ किया गया। आनंद मेला के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत बाल विकास बच्चों के लिए खेलकूद आध्यात्मिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# राष्ट्रीय साधन सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले के 196 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/ कोंटा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का सफल आयोजन शुक्रवार को पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय कोंटा सहित जिले के निर्धारित परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. मंडावी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग नई दिल्ली द्वारा संचालित राष्ट्रीय साधन सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु संचालित की जाती है। इस योजना के अंतर्गत राज्य के कक्षा 8वीं में अध्ययनरत चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रति माह 1000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिससे उनकी आगे की शिक्षा में आर्थिक सहयोग मिल सके। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए दो केंद्र सुकमा एवं कोंटा निर्धारित किए गए थे। विकासखंड सुकमा एवं छिंदगढ़ के कुल 169 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 144 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। जबकि विकासखंड कोंटा के 54 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 52 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार जिलेभर में कुल 196 विद्यार्थियों ने इस महत्वपूर्ण छात्रवृत्ति परीक्षा में सहभागिता की। कोंटा केंद्र में परीक्षा का संचालन केंद्राध्यक्ष भरतलाल औरसा के नेतृत्व में किया गया। परीक्षा केंद्र में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी।

## अधिकारियों ने केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



### अधिकारियों ने किया निरीक्षण

विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, अनुशासित एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम सुभाष शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर एवं जनपद पंचायत कोंटा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत ध्रुव विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस.के. दीप तथा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी. श्रीनिवास ने परीक्षा केंद्र पहुंचकर निरीक्षण किया तथा केंद्र प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। अधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में इस प्रकार की छात्रवृत्ति योजनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु प्रेरणा एवं आर्थिक सहयोग प्राप्त होता है। राष्ट्रीय साधन सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के सफल आयोजन से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में उत्साह देखा गया।

## महापौर ने किया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व ओवरहेड टैंक का निरीक्षण

# अमृत मिशन योजना होगी जल्द शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अमृत मिशन योजना शीघ्र शुरू होने जा रही है। इसी कड़ी में नयामुंडा स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं दलपत सागर वार्ड साईं नगर में

- नयामुंडा प्लांट व साईं नगर टैंक में टेस्टिंग
- स्वच्छ पेयजल आपूर्ति को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

निर्मित ओवरहेड टैंक का निरीक्षण महापौर संजय पांडेय ने टीम के साथ किया।

इस दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली, जल शुद्धिकरण की गुणवत्ता एवं जल वितरण व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। वहीं ओवरहेड टैंक में पानी भरकर उसकी टेस्टिंग की गई। टंकियों की सफाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है और योजना अंतिम चरण में है।

शहर में अब तक अमृत मिशन योजना शुरू नहीं हो पाई है। अधिकारियों एवं एजेंसी के लोगों ने प्लांट की स्थिति, क्षमता तथा आगामी योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की।

महापौर ने अधिकारियों से कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने प्लांट के सुचारु संचालन, नियमित मेंटेनेंस एवं सभी तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही जलापूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

### शुद्ध पेयजल पहुंचे यह प्राथमिकता

महापौर ने कहा अमृत मिशन योजना के अंतर्गत जलापूर्ति व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा। हमारी प्राथमिकता है कि हर नागरिक तक शुद्ध पेयजल पहुंचे। सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि जल्द ही शहरवासियों को इस योजना का लाभ मिल सके। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, संजय विश्वकर्मा, संग्राम सिंह राणा, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, पार्षद नरसिंह राव, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, संजीव कर्ण, अमर सिंह, शशिनाथ पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

## जनगणना कार्य का लिया जायजा

### डोर-टू-डोर पहुंचकर लिया जायजा

जगदलपुर। नगर निगम क्षेत्र में महापौर संजय पांडेय ने जनगणना कार्य की प्रगति का जायजा लेने इंदिरा वार्ड पहुंचे। उन्होंने डोर-टू-डोर पहुंचकर सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण कर गणनाकारों और सुपरवाइजरों से विस्तार से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान महापौर ने देखा कि किस प्रकार टीम द्वारा घर-घर जाकर परिवारों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। उन्होंने सर्वेक्षण प्रक्रिया की गुणवत्ता, सटीकता एवं पारदर्शिता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी घर या व्यक्ति की जानकारी छूटने न पाए। महापौर ने मौके पर मौजूद जनगणना कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह कार्य केवल आंकड़े जुटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की भावी योजनाओं की नींव तैयार करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कर्मियों को जिम्मेदारीपूर्वक और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की सलाह दी। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों से भी संवाद किया और जनगणना के महत्व को समझाया। महापौर ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय दायित्व है, जिसमें हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे प्रगणकों को सही, पूर्ण और सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि शासन को वास्तविक आंकड़े प्राप्त हो सकें। महापौर के साथ एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, शशिनाथ पाठक, आनंद झा मौजूद रहे।



## विधायक किरण देव ने आईईडी विस्फोट में जवानों की शहादत पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तथा विधायक किरण देव ने कांकेर-नारायणपुर सीमा क्षेत्र में डी-माइनिंग और सर्च ऑपरेशन के दौरान शनिवार को हुए आईईडी विस्फोट में शहीद हुए डीआरजी के चार जांबाज जवानों इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कांस्टेबल कृष्णा कोमरा, संजय गढपाले और परमानंद कोमरा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि बस्तर की शांति और सुरक्षा के लिए हमारे जवानों का यह सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। वीर जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए जनता की रक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर की है। उन्होंने ईश्वर से वीर शहीदों की पुण्य आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों और निर्दोष ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से बिछाए गए आईईडी को सतर्क जवान लगातार बरामद कर निष्क्रिय कर रहे हैं। हाल के महीनों में सैकड़ों आईईडी बरामद कर बड़ी घटनाओं को टाला गया है, किंतु आज की यह आकस्मिक दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और संगठन पूरी तरह शहीद जवानों के परिवारों के साथ खड़ा है।

### विशेष लोक अदालत समाधान समारोह 21, 22 व 23 अगस्त को

**जगदलपुर।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से आमजन तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता एवं सहमति से विवादों के समाधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत का आयोजन के साथ सम्पन्न होगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को शामिल किया जाएगा। इस दौरान पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण, समिति के माध्यस्थता केन्द्रों में किया जाएगा। सुलह वार्ता की प्रकिया 21, अप्रैल से ही प्रारंभ हो चुकी है। इस समाधान समारोह का मुख्य उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों को आपसी सहमति एवं सुलह के माध्यम से त्वरित निष्पादन करना है। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव कु. अंकिता कश्यप ने बताया कि अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं सभी संबंधित पक्षों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और आपसी सहमति से समाधान की दिशा में प्रयास करें। सुलह बैठकों मे पक्षकार सशरीर अथवा आभासी माध्यम से भी शामिल को सकते हैं। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं विधिक सेवा प्राधिकरण / समिति के अधिकारी सहयोग प्रदान करेंगे। अपने मामले को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 में शामिल करने के लिए सर्वोच्च न्यायाल की वेबसाइट पर उपलब्ध गूगल फॉर्म भरना होगा।

# जनता झेल रही महंगाई की गर्मी : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने बेतहाशा बढ़ती मंहगाई, घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में की गई वृद्धि के विरोध में गोलबाजार चौंक में केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ

- कांग्रेस ने गोलबाजार चौंक में किया विरोध प्रदर्शन

विरोध प्रदर्शन किया। मौर्य ने कहा सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने के बजाय लगातार जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने का काम कर रही है। ये सरकार सिर्फ पूंजिपतियों को लाभ पहुंचाने वाली सरकार है। चुनाव समाप्त होते ही जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा दिया गया। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम पहले से ही आसमान छू रहे हैं। आम आदमी का जीवन कठिन व बजट पूरी तरह से बिगड़ा हुआ है। आज हर वर्ग महंगाई से त्रस्त है। घरेलू गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों से गरीब, मध्यमवर्गीय एवं गृहिणियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडर महंगा होने से छोटे व्यापारियों, होटल व्यवसायियों एवं दुकानदारों की परेशानियां बढ़ गई हैं। दाम बढ़ने से होटल, रेस्तरां और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है जिसका बुरा असर आम उपभोक्ताओं पर भी पड़ रहा है।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, प्रेमशंकर शुक्ला, कविता साहू, कोमल सेना, म्लता निषाद, संकल्प दुबे, अभिषेक नायडू, जाहिद हुसैन, अनुराग महतो, सुषमा सुता, नीतीश शर्मा, रविशंकर तिवारी, निकेत राज झा, अवधेश झा, बलराम यादव, संतोष सेठिया, महादेव नाग, अंगद त्रिपाठी, हरिशंकर, प्रशांत जैन, बबली खान, हेमू उपाध्याय, ललिता राव, विजेन्द्र ठाकुर,एस नीला,ज्योति राव, शादाब अहमद मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य कैंप में लू से बचने डॉक्टर्स ने उचित खान-पान की दी सलाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गुरुनानक पब्लिक स्कूल एवं कांटीनेंटल सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल के तत्वाधान में दूसरे दिन

- गुरुनानक पब्लिक स्कूल में दूसरे दिन भी लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

भी रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। गुरुनानक स्कूल परिसर में लगे इस शिविर में लोगों को गर्मी के मौसम में लू से बचने के उपाय बताये गए। डॉक्टरों ने कहा कि पानी का लगातार सेवन करें, तेज धूप में न निकलें, लू में डिहाइडरेशन होने पर चिकित्सक से सम्पर्क करें। इसके साथ ही इस कैंप में आरथो, यूरो, कार्डियो के चिकित्स्कों ने मरीजों की जांच की। प्राथमिक जांच के बाद नर्सिंग स्टॉफ चिकित्सक तक ले जा कर परामर्श दिलवाया।

### सैकड़ों मरीज हुए लाभान्वित

स्वास्थ्य शिविर में शहर के हर वार्ड सहित दूर दराज से आए मरीजों की जांच किया। डॉक्टर्स ने उन्हें उचित परामर्श भी दिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन, सिख समाज के पदाधिकारियों सहित सीसीएसएच की टीम सहयोगी रहे।

# नवाचारी शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



देश का एक अनूठा महिला शिक्षकों का संगठन सावित्री बाई फुले राष्ट्रीय महिला शिक्षक महासंघ द्वारा रायपुर के वृंदावन हॉल में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महासंघ की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लता एस मुल्लूर अपने कार्यकारिणी के साथ उपस्थिति रहीं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वाति वर्मा सभापति संचार एवं संपर्क जिला पंचायत रायपुर, डॉक्टर लता एस मुल्लूर संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ सारिका एस गंगा राष्ट्रीय महासचिव कल्पना बुतरेड्डी, अनुसूया देवी पी एस भाग्यमां, सिधोज कविता, राजश्री, प्रभावती एल, शांताबाई बिरादर अतिथि वक्ता के रूप में नर्मदा प्रसाद मिश्र, डॉक्टर मनीष वत्स, विष्णु दत्त बघेल एवं डीएसपी रुचि वर्मा रही। कार्यक्रम का संयोजन लोकेश कुमार वर्मा ने किया।

संगठन की अध्यक्ष भारती वर्मा ने कार्यक्रम में राज्य इकाई का गठन कर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। बस्तर संभाग अध्यक्ष सईदा खान ने बताया कि इस समारोह में संभाग से शिक्षकों का सम्मान हुआ। जिनमें से चार शिक्षकों को नवाचारी शिक्षक के रूप में एवं दो शिक्षकों को समाज सेवा के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। सुचित्रा सामंत स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय जगदलपुर लेक्चरर रसायन ने ऑगमेंटेड रियलिटी का प्रयोग कर अपनी कक्षा में रसायन अध्यापन को रुचिकर बनाए। साथ ही साथ विभिन्न मॉडल,स्मार्ट क्लास के माध्यम से रसायन के विभिन्न टॉपिक्स को सरल बनाया जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

इन्हें शिक्षण मार्गदर्शन सम्मान, अक्षय शिक्षा प्रबोधक, बेस्ट टीचिंग अवार्ड- 2021, बेस्ट एक्टिविटी टीचर अवार्ड-2022 ,शिक्षक सृजन गौरव अलंकरण ,भारतीय शिक्षक रत्न अवार्ड-20218, डॉ.अब्दुल कलाम अवार्ड, बेस्ट एंकर अवार्ड, उत्कृष्ट टीचर अवार्ड 2023, शिक्षा प्रतिभा सम्मान 2023, राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रतन सम्मान, एससीईआरटी मास्टर ट्रेनर केमिस्ट्री के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पीडीटी नायक की उपाधि, राज्य प्रतिभा शिक्षक सम्मान 2023 सम्मान कर चुके है।

# विवि में दो दिवसीय इनोवेशन महाकुंभ आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में नवाचार, स्टार्टअप, उद्यमिता एवं स्वरोजगार का अलख जगाने के उद्देश्य से शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय

- विभिन्न संभागों से एक हजार से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल
- राज्यपाल की उपस्थिति में होगा शुभारंभ कार्यक्रम

परिसर में सोमवार सुबह नौ बजे से इनोवेशन महाकुंभ 1.0 (वन प्वाइंट जीरो) कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। शुभारंभ आयोजन की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। इस अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, स्वदेशी एवं उद्यमिता विशेषज्ञ सतीश कुमार, एनईटीएफ के चेयरमैन प्रो. अनिल डी सहस्त्रबुद्धे, सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पांडे, राजपरिवार सदस्य कमलचंद्र भंजदेव, आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश, सीजी कॉस्ट के निदेशक डॉ. प्रशांत कवीश्वर, स्वावलंबी भारत अभियान के स्टेट को-ऑर्डिनेटर जगदीश पटेल, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी घनश्याम आयोजन में विशिष्ट अतिथि रहेंगे। स्वागत उद्बोधन कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं आभार एवं धन्यवाद् ज्ञापन कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में पद्मश्री बुधरी ताती को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर इनोवशन एंड स्टार्टअप कंपेडियम 2026 का विमोचन होगा।




### देंगे जरूरी टिप्स

शुभारंभ सत्र के बाद तीन टेक्निकल सेशन होंगे। जिसमें राज्य और देश के विभिन्न संस्थानों के एक्सपर्ट, सीजी स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन के चेयरमैन श्रीनिवास राव मद्दी एवं डॉ. अमित दुबे, प्रो. सत्यनारायण सेशाद्रि, सम्यक जैन, प्रो. विकास सिंह, प्रो. हुलास पाठक युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे। शाम में विवि के विद्यार्थियों द्वारा लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। यह आयोजन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, विज्ञान व तकनीक विभाग, शासन के कॉमर्स एवं औद्योगिक विभाग, एमफसीसी, सीजी कॉस्ट, छग राज्य माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूज को-फेडरेशन लिमिटेड, आईआईटी भिलाई, सीसीसीआई, स्टार्टअप छत्तीसगढ़, स्वावलंबी भारत अभियान, जे महेंद्रकांत ज्वेलर्स के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को एसएमकेवि इनोवेशन एंड स्टार्टअप फाउंडेशन एवं टीआईई रायपुर तथा आई क्रिएट के बीच एमओयू होंगे।

## आत्मसमर्पित हितग्राहियों को ट्रैक्टर चलाने का प्रशिक्षण, आजीविका सशक्तीकरण की पहल

**दंतेवाड़ा।** जिले में पुनर्वास की मुख्यधारा से जुड़ रहे आत्मसमर्पित हितग्राहियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। इस पहल के तहत आत्मसमर्पित हितग्राहियों को आजीविका के नए अवसरों से जोड़ने के लिए ट्रैक्टर संचालन का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य केवल कौशल विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि हितग्राहियों के आत्मविश्वास को पुनर्जीवित कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में सशक्त रूप से स्थापित करना भी है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ट्रैक्टर के सुरक्षित संचालन, रखरखाव, कृषि कार्यों में इसके उपयोग तथा व्यावसायिक संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। लाइवलीहुड कॉलेज के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा व्यावहारिक एवं तकनीकी दोनों प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे हितग्राही न केवल कुशल चालक बन सकें, बल्कि स्वरोजगार के अवसर भी तलाश सकें। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात इन हितग्राहियों को रोजगार से जोड़ने के लिए भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बिजली कटौती आम जनता के लिए संकट बन गई : महतो



जगदलपुर। कांग्रेस महामंत्री अनुराग महतो ने कहा कि बस्तर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अघोषित बिजली कटौती हो रही है। थोड़ी सी हवा या बारिश में घंटों बिजली चली जाती है। जिससे बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक समय विद्युत सरप्लस राज्य कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ को भाजपा सरकार ने मात्र ढाई वर्षों में विद्युत कटौती का केंद्र बना दिया है। गर्मी के इस मौसम में बिना किसी पूर्व सूचना के हो रही बिजली कटौती आम जनता के लिए समस्या बन गई है। दिन में 2-4 घंटे तो नियमित रूप से बिजली चली जाती है वहीं रात में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। कई क्षेत्रों में लगातार 4-5 घंटे या उससे अधिक समय तक बिजली गुल रहती है। बस्तर जिले के अनेक गांवों में तो पूरी रात बिजली नहीं आती। लो वोल्टेज की समस्या भी लगातार बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार न तो बिजली व्यवस्था संभाल पा रही है और न ही आम जनता को राहत देने में सक्षम है।

### नगर पंचायत की अध्यक्ष ने की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

# पूर्व कलेक्टर के निरस्त कार्य को गुपचुप तरीके से किया गया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

■ 11 में से 5 कार्य चहेतों को लाभ पहुंचाने जारी

नगर पंचायत में निरस्त निविदा के बावजूद लाखों रुपए के कार्य कराए जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। इस प्रकरण पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा बबीता माड़वी ने आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, पत्र क्रमांक 646/लो नि वी/2024-25 के तहत नगर पंचायत दोरनापाल ने 10 अक्टूबर 2025 को टेंडर जारी किया था जिसमें कुल 11 निर्माण कार्य शामिल थे। निविदा प्रक्रिया को लेकर शिकायतें सामने आने के बाद तत्कालीन कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने मामले की जांच के आदेश दिए थे। जांच के लिए एसडीएम कोन्टा सुभाष शुक्ला और जनपद पंचायत सीईओ कोन्टा सुमित कुमार ध्रुव को जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

जांच रिपोर्ट के बाद 28 नवंबर 2025 को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर निविदा निरस्त करने के निर्देश दिए गए थे। आरोप है कि ट्यूबलर पोल से जुड़े 5 कार्यों को जारी रखा गया और अब उन्हीं कार्यों को तेजी से कराया जा रहा है। इन पांच कार्यों की कुल लागत 49 लाख 90 हजार रुपए बताई जा रही है।











स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन है। कार्यस्थलों पर इंजीनियरों की गैरमौजूदगी, तकनीकी निगरानी का अभाव और घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायतें सामने आ रही हैं। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा बबीता माड़वी ने कहा कि यह केवल अनियमितता नहीं, बल्कि प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन कार्यों को निरस्त किया जाना था उन्हें बचाकर विशेष लोगों को लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई है।

उन्होंने कहा जब जिला प्रशासन ने जांच कर निविदा निरस्त करने के निर्देश दिए थे तब उन्हीं कार्यों को दोबारा कैसे जारी रखा गया। अगर नियम सबके लिए समान हैं, तो कुछ कार्यों को बचाने का आधार क्या है। पूरे मामले में मिलीभगत और गड़बड़ी होना प्रतित हो रहा है।

उन्होंने आगे कहा जनता के टैक्स और सरकारी धन से होने वाले विकास कार्यों में पारदर्शिता होनी चाहिए लेकिन यहां पर्दे के पीछे खेल खेला जा रहा है। इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।

पूर्व अध्यक्षा ने यह भी आरोप लगाया कि नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि जनता के सवालों से बच रहे हैं। फोन कॉल तक रिसीव नहीं किए जा रहे, जिससे संदेह और गहरा रहा है।

सीएमओ, इंजीनियर और जनप्रतिनिधि सवालों के घेरे में हैं। आखिर किसके आदेश पर यह कार्य जारी है। यदि टेंडर निरस्त हुआ था तो भुगतान किस आधार पर होगा। दोरनापाल नगर पंचायत का यह मामला अब राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों स्तर पर गर्मा गया है।

### बचत के साथ गुणवत्ता पर सवाल

निर्माण कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया खुलते ही राजस्व बचत का मामला सामने आया है। लेकिन इसके साथ ही कई सवाल भी खड़े हो गए हैं। अधिकांश कार्य एसओआर दर से कई प्रतिशत बिलो पर स्वीकृत हुए हैं । जिससे एक ओर लाखों रुपये की बचत दिखाई जा रही है वहीं दूसरी ओर निर्माण पर गुणवत्ता और पारदर्शिता का सवाल उठ रहा है।
नगर पंचायत में कई निर्माण कार्यों में ठेकेदारों ने प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया। लेकिन कुछ कार्यों में 40 प्रतिशत से अधिक बिलो रेट पर निविदा स्वीकृत होने से लोगों में चर्चा शुरू हो गई है कि इतनी कम दर पर गुणवत्तापूर्ण काम कैसे संभव होगा।

### कम दर पर कार्य लेने पर चर्चा शुरू

वार्ड क्रमांक 15 में पुलिया निर्माण कार्य की लागत 8 लाख रुपये है। और यह कार्य 42.99 प्रतिशत कम दर पर खुला। वहीं वार्ड क्रमांक 4 में कृष्ण मंदिर के पास इंटर लॉक कांक्रीट ब्लॉक कार्य 40.99 प्रतिशत कम तथा वार्ड क्रमांक 2 में नाली कवर प्लेट निर्माण कार्य 39.99 प्रतिशत कम दर पर स्वीकृत हुआ है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 14 में सेवालाल मंदिर के पास इंटर लॉक ब्लॉक कार्य 19.99 प्रतिशत कम, वार्ड क्रमांक 12 में नगर पंचायत कार्यालय भवन रेनोवेशन कार्य 20 प्रतिशत कम तथा वार्ड क्रमांक 13 में सांस्कृतिक भवन रेनोवेशन कार्य 21.9 प्रतिशत कम दर पर खुला है। सवाल यह है कि इतनी कम दर पर कार्य लेने वाले ठेकेदार क्या समय पर अमानत राशि जमा कर पाएंगे। यदि निर्धारित समय सीमा में राशि जमा नहीं होती है तो संबंधित ठेकेदारों पर क्या कार्रवाई होगी, इसे लेकर भी चर्चा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी कई जगह भारी बिलो टेंडर के बाद घटिया निर्माण, अधूरे कार्य और समय सीमा में देरी जैसे आरोप लग चुके हैं।

# धान के अवैध परिवहन और कालाबाजारी की जेसीसीजे ने की निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ कलेक्टर को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग

किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए सरकारी धान के अवैध परिवहन, ओडिशा के बाजारों में बिक्री, हेराफेरी तथा अधिकारियों, मिलर्स, परिवहन ठेकेदारों एवं दलाल की संलिप्तता पर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

मुख्य संयोजक नवनीत चांद ने जारी बयान में कहा कि सरकारी संसाधनों की लूट में दोषियों को संरक्षण देना संविधान के विपरीत है।



यह मामला किसानों और आम जनता के अधिकारों से जुड़ा है इसलिए संघर्ष कर मुक्ति मोर्चा भ्रष्टाचार, माफिया तंत्र और जनता के हक की रक्षा में आगे रहेगा। उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ में धान खरीदी, भंडारण, मिलिंग, परिवहन एवं वितरण प्रक्रिया का विशेष ऑडिट कराए जाने और दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों, मिलर्स, परिवहनकतार्ओं एवं दलालों पर एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

जीपीएस रिकॉर्ड, चेकपोस्ट एंट्री, स्टॉक रजिस्टर, गोदाम एवं मिलिंग रिकॉर्ड सुरक्षित कर जांच के दायरे में लाया जाए। किसानों से खरीदे गए धान का डिजिटल लेखा-जोखा सार्वजनिक पोर्टल पर जारी किया जाए।

नवनीत ने कहा कि यदि शासन-प्रशासन इस गंभीर विषय पर शीघ्र कार्रवाई नहीं करता, तो बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) किसानों, मजदूरों और आम जनता के साथ मिलकर चरणबद्ध जनआंदोलन करेगा।

इस दौरान विजय झाड़ी, मेहताब सिंह, निहारिका सिंह, जॉन आकाश, हिमांशु आनंद, प्रिया यादव, अलका नादन, लकी बघेल उपस्थित थे।

# मद्देड़ में 12वीं में वनश्री 10वीं में कुमकुम रहीं अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड

कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मद्देड का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय ने शानदार परिणाम से क्षेत्र में शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है।





कक्षा बारहवीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 64 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिनमें से 61 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा। 56 परीक्षार्थी शामिल हुए जिनमें से 54 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा बारहवीं की छात्रा वनश्री लाटकर ने 500 में से 438 अंक (87.60 प्रतिशत) प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा दसवीं में कुमकुम मरकेला ने 600 में से 526 अंक (87.66 प्रतिशत) अर्जित कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य पवन सोनी ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने का संकल्प लिया।





